हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
जबलपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]



**खबर संक्षेप**

### साइंस कॉलेज में मनाया गणित दिवस

**पांढुर्णा** । आज 22 दिसंबर को पीएमसीओई शा. साइंस कॉलेज पांढुर्णा में भारतीय परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. शहनाज खानके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गणित दिवस पर ''भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान'' विषय पर संगोष्ठी हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता गणित विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता धुर्वे द्वारा व्याख्यान देते हुए यह दिवस क्यों मनाया जाता हैके बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे डॉ. रीनिवास रामानाजुनचार्य ने एक साधारण पृष्ठभूमि में रहते हुए महान गणितीय सूत्रों की खोज की। भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सोनवाने ने विद्यार्थियों को वर्तमान परिदृष्य में गणित विषय की उपयोगिता के बारे में बताया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शहनाज खान ने बच्चों को प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के बारे में बताया। इसके सिवाय में महाविद्यालय में ''वैदिक गणित का वैशिष्ट्य'' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, प्राचीन भारतीय गणितज्ञों के छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे, भारतीय ज्ञान परंपरा अधिकारी प्रो. अभिलाषा दवंडे, डॉ. दिलेश इंदौरकर, डॉ. लखनलाल राऊत, डॉ. पल्लवी झारिया, डॉ. विवेक कुमार सोनवाने, प्रो. शीतल गुजरे, डॉ. प्रजेंद्र रघुवंशी, राधेशाम बुवाडे के अलावा स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ 25 से

**छिंदवाड़ा**। मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में आगामी 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक विविध अनुष्ठानों के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन होगा और 1 जनवरी को श्रीजी की भव्य रथयात्रा से नूतन वर्ष 2026 का अभिनंदन किया जावेगा।यह आठ दिवसीय मंगल महोत्सव जिनशासन सेवक मोतीलाल सुबोध कुमार, सुधीर कुमार जैन भैयाजी कोल्ड स्टोर परिवार के तत्वावधान में दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा आयोजित होगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव स्टाफ की बड़ी सफलता, हाई रिस्क महिला की सफलतापूर्वक कराई नॉर्मल डिलीवरी

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में एक गर्भवती महिला ने चार बच्चे को दिया जन्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**



डॉक्टर को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है इस कहावत को पूरी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के स्टाफ ने साबित कर दिखाया है। जहां पर सोमवार 22 दिसंबर को अति गंभीर स्थिति में ग्राम रोरा ढेकनी माल निवासी गर्भवती महिला गुनों पति जगर सिंह को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव लाया गया था, महिला की स्थिति को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा तत्काल उसे भर्ती किया गया। स्थिति अति गंभीर रेफर की न होने के चलते स्टाफ द्वारा निर्णय लिया गया कि महिला की डिलीवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में ही कराई जाए, क्योंकि महिला छिंदवाड़ा तक पहुंचने की कंडीशन में नहीं थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ में सीनियर नर्स पूजा सोनी सहित उनके सहयोगी स्टाफ नर्स मोनिका दास एवं सुषमा आहके द्वारा अपनी सूझबूझ और अनुभव के आधार पर महिला की डिलीवरी कराई गई जहां पर महिला ने 03 बालिका एवं 01 बालक 04 जीवित बच्चों को जन्म दिया और महिला की स्थिति भी खतरे के बाहर थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के नर्सिंग स्टाफ की इस उपलब्धि के बाद उनकी सर्वत्र सराहना की जा रही है, जहां पर जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार 04 जीवित

### छठवें माह में स्थिति गंभीर होने पर कराई गई डिलीवरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में जब गर्भवती महिला को लाया गया तब गर्भधारण के 06 माह ही पूर्ण हुए थे, ऐसी स्थिति में गर्भवती महिला का प्रसव कराना एक चुनौती से कम नहीं था क्योंकि बच्चे भी 26 सप्ताह में पूरी ग्रोथ नहीं कर पाए थे। महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुऐ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ द्वारा सीनियर नर्स पूजा सोनी के कुशल नेतृत्व में महिला का प्रसव कराने का निर्णय लिया गया और सुरक्षित प्रसव कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के इतिहास में अपना नाम लिख दिया गया है।

### वेंटिलेटर उपलब्ध न होने पर बच्चों को किया गया छिंदवाड़ा रेफर

छठवें माह में जन्म लिए हुए बच्चे शारीरिक रूप से काफी कमजोर थी इस स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध न होने के चलते डॉक्टर एवं नर्सों की टीम द्वारा एंबुलेंस की सहायता से बच्चों को छिंदवाड़ा रेफर किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव के ब्लॉक मेडिकल अधिकारी सुरेश नागवंशी का कहना है कि बच्चों को एसएनसीयू यूनिट में रखकर उनकी विशेष देखभाल की जाएगी जिससे बच्चों की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

### बच्चों का वजन कम होने पर बना हुआ है खतरा

छठवें माह में जन्म लिए हुए बच्चों की ग्रोथ कमजोर होने के साथ-साथ पहला बच्चा लड़की 600 ग्राम, दूसरा बच्चा लड़की 600 ग्राम, तीसरा बच्चा लड़की 550 ग्राम एवं चौथा बच्चा लड़का 400 ग्राम वजन के पैदा हुए हैं। बच्चों का वजन कम होने और छठवें माह में डिलीवरी हो जाने के चलते बच्चों को खतरा बना होने की बात भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा कही गई है। दो बच्ची लगभग सुरक्षित अवस्था में है और एक बच्चा और एक बच्ची कम वजन होने के चलते खतरे की स्थिति में है जहां पर जिला चिकित्सालय में उन्हें सही उपचार मिलने की बात भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ द्वारा कही गई है।

### पूरे प्रकरण में इनकी रही अहम भूमिका




जहां अति गंभीर मामले में महिला को रेफर किए जाने पर स्थिति बिगड़ने का अंदेशा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव ने मानवता के साथ-साथ अपने डॉक्टरी पैसे का निर्वहन पूरी तन्मयता और ईमानदारी के साथ करते हुए जुन्नारदेव के इतिहास में एक कीर्तिमान रचा है इसमें मुख्य रूप से ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सुरेश नागवंशी, डॉ रोमा मूलचंदानी, प्रसव की बागडोर अपने हाथ में लेने वाली सीनियर नर्स पूजा सोनी, सहयोगी स्टाफ नर्स मोनिका दास एवं सुषमा के का इस दौरान विशेष योगदान रहा। सकुशल प्रसव के बाद अब भगवान से प्रार्थना की जा रही है कि चारों बच्चे सकुशल रहे और अपना जीवन आनंद से जिए। वर्षों से जुन्नारदेव की जनता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शासन से सिविल अस्पताल बनाने की मांग निरंतर की जा रही है लगभग 175 किलोमीटर के क्षेत्र में फैला या क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर मात्र एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण शान द्वारा प्राप्त जितनी सुविधाएं हैं उन्हें सुविधाओं से आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं यदि जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाए जाने पर जिला चिकित्सालय के समान ही यहां स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक बढ़ेंगे जिससे आम जनमानस को इस केंद्र की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकता है शासन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि सीख रही जुन्नारदेव मुख्यालय को सिविल अस्पताल बनाए जाता है तो निश्चित ही क्षेत्र की जनता को इसका भारी लाभ प्राप्त होगा समय रहते शासन प्रशासन जनहित में उचित होगा

## मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं रूद्र पूजा का आयोजन 23 को



**छिंदवाड़ा**। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पद्म विभूषण परम पूज्य श्री श्री रविशंकर गुरुदेव को प्राप्त सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अंश जो कि सतयुग में चंद्रदेव द्वारा निर्मित सोमनाथ मंदिर मैं स्थापित शिवलिंग लगभग 6 फीट ऊपर हवा में स्थित थे, महमूद गजनवी ने लगभग 17 बार सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर उस शिव लिंग को खंडित कर दिया,आक्रमण उपरांत कुछ अग्निहोत्री पुरोहितों ने खंडित अवशेषों के टुकड़ों को 11 छोटे शिवलिंगों का आकार दिया और कई पीढियां तक उनकी पूजा गुप्त रूप से करते रहे, सन 1924 में कांची शंकराचार्य ने तत्कालीन संरक्षक पुरोहित को आदेशित किया कि वर्तमान में देश के हालात ठीक नहीं है 100 साल पश्चात जब राम मंदिर बन जायेगा तब दक्षिण भारत में एक संत होंगे जिनका नाम शंकर जी पर होगा उन्हें इन शिवलिंगों को सौपना। उन पुरोहितों द्वारा शंकराचार्य जी के सदियों पुराने आदेश का पालन करते हुए इन शिवलिंगों को जो सोमनाथ शिव लिंग के अंश है श्री श्री रविशंकर जी को सौंपा वही शिव लिंग पुरे भारत वर्ष मे लोगों के दर्शनार्थ जगह जगह पधार रहे है, इसी कड़ी मे दिनांक 23.12.25.मंगलवार को शाम 6.30 बजे रघुवंशम लॉन मे बंगलौर आश्रम के स्वामी जी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अंश के शिवलिंग को लेकर छिंदवाड़ा पधार रहे है। संस्था के, आयोजक कृष्ण उत्तम राजपूत, मनीष शर्मा ,भूपेंद्र सानू मिश्रा , सुरेश पवार रामकुमार सोनी एवं संतोष साहु रमेश जोगी ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि वे उपरोक्त कार्यक्रम में आयोजित रूद्र पूजा में सम्मिलित हो सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## 1 लाख 85 हजार पंजीयन के साथ जिला रहा प्रदेश में प्रथम और देश में सातवें स्थान पर

**जिले में खेल अधोसंरचना को लेकर मंत्री श्री सारंग ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**



खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं में खेल संस्कृति को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन आज मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य में जिले के पोला ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में जिलेभर से चयनित विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले का नाम खेलों के क्षेत्र में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली विभूतियों का भी सम्मान किया गया। मंत्री श्री सारंग द्वारा विक्रम पुरस्कार से सम्मानित कुश्ती खिलाड़ी सुश्री शिवानी पवार, पावर लिफ्टिंग में विगत 40 वर्षों से उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले विश्वामित्र अवॉर्डी श्री के.आर.तिवारी, टेबल टेनिस के क्षेत्र में जिले को पहचान दिलाने वाले वरिष्ठ पत्रकार श्री गोविंद चौरसिया एवं कई वर्षों तक जिला खेल अधिकारी के रूप में सेवाएं देने वाले एवं 87 वर्ष की आयु में भी खेल गतिविधियों में सक्रिय श्री इब्राहिम खान को सम्मानित किया गया ।

### जामसांवली मंदिर में पहुंचकर किया श्रीमूर्ति का अभिषेक

**सौंसर**। सोमवार को औद्योगिक बोरगांव ओर सौसर में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग आगमन हुआ, इस दौरान श्री सारंग के द्वारा चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन अभिषेक किया, मंदिर आगमन पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारीयो से हनुमान लोक के निर्माण को लेकर चर्चा की। श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली में आगमन पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग का चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष,एवं ट्रस्टी संदीप मोहड, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एड.अजय धवले,टीकाराम कारोकार,के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया गया।सौसर क्षेत्र में आगमन पर मंत्री श्री सारंग के द्वारा बोरगांव रेमंड कंपनी मेंपहुचकर कंपनी की उन्नत कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और तकनीक का बारीकी से अवलोकन किया। युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर प्रबंधन से चर्चा की।इस दौरान बोरगांव स्थित सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण कर प्रशासकीय कार्यों का अवलोकन भी किया।आगमन कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, भाजपा नेता संतोष जैन,प्रदीप ठाकरे, धीरज चौधरी,राहुल मोहड़,आशीष ठाकरे आदि थे।



### सांसद श्री साहू ने बताया आयोजन को ऐतिहासिक

सांसद श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत इतनी बड़ी संख्या में पंजीयन हुए और हजारों खिलाड़ियों ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप किया गया। 29 अगस्त 2025 से प्रारंभ हुए इस खेल महोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न खेल मैदानों का जीर्णोद्धार किया गया तथा गांव-गांव और हर क्षेत्र में प्रतियोगिताएं आयोजित कर खेलों को जन-जन तक पहुंचाया गया।

### कामठीखुर्द बना 'हर घर जल' प्रमाणित ग्राम, जल जीवन मिशन से बदली गांव की तस्वीर

**पांढुर्ना**। जिले के विकासखंड पांढुर्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत परसोडी का ग्राम कामठीखुर्द अब 'हर घर जल' प्रमाणित ग्राम बन चुका है। यह उपलब्धि जल जीवन मिशन के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन का जीवंत उदाहरण है, जिसने गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदल दिया है। आज 22 दिसंबर को यह उपलब्धि आधिकारिक रूप से प्रमाणित हुई। योजना के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इससे न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हुआ है, बल्कि उनके जीवनस्तर में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। घर-घर नल से जल पहुंचने के बाद महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिनाइयों से राहत मिली है। समय की बचत होने से महिलाएं अन्य घरेलू एवं आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान दे पा रही हैं, वहीं बच्चों को शिक्षा के लिए अधिक समय मिल रहा है। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है। कामठीखुर्द की यह सफलता दर्शाती है कि सही योजना, सामुदायिक सहभागिता और मजबूत क्रियान्वयन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव है। जल जीवन मिशन ने गांव में केवल पानी ही नहीं पहुंचाया, बल्कि विकास, आत्मनिर्भरता और खुशहाली की नई धारा भी प्रवाहित की है। यह ग्राम अब अन्य पंचायतों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है।



## शारदा माई सालीवाड़ा में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ट्रैकिंग कर प्रकृति के सुरम्य वादियों का उठाया आंनद



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

डेनियलसन डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 25 सदस्यों ने 21 दिसंबर को शारदा माई सालीवाड़ा में एक दिवसीय एनएसएस के स्वयंसेवको ने ट्रैकिंग कर प्रकृति के सुरम्य वादियों का आंनद उठाया प्राकृतिक दर्शन ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया। ट्रैकिंग कैंप एन एस एस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में एवं ट्रेक डायरेक्टर विशाल काकोड़िया एवं महिमा यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय ट्रैकिंग कैंप में सहभागिता करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य का नजदीक से दर्शन कर शारदा माई के दर्शन किये। इसके पश्चात स्वयसेवको द्वारा सामूहिक वन भोज का आनंद लिया । ट्रैकिंग दल में शामिल एन एस एस के वरिष्ठ स्वयंसेवक कु महिमा यादव , विशाल काकोड़िया, हर्ष गुप्ता ,यश मालवीय , श्रीमती सपना शर्मा, डा माया शर्मा, पुष्पा बैस,श्रद्धा सोलंकी , गर्वित सोलंकी , यशवंत प्रजापति , योगेश गयार,कपिल उइके, अतुल डोले,कु सुहानी मंडराह,कु शीतल बरमैया,कु तपस्या यादव,सुनील राऊत, अनमोल शर्मा ,आद्रिका शर्मा, ने सहभागिता करते 5 किलोमीटर की हरे भरे पेड़ो के मध्य ट्रैकिंग कर सहासिकता का परिचय देते हुए आत्मविश्वास को जागृत करते हुए भ्रमण कर प्रकृति सौंदर्य का लुफ्त उठाया।

## नकुलनाथ ने अपनों के बीच पहुंचकर साझा किया सुख-दुख

**बोरगांव में की मंगेश यादव के परिजनों से भेंट**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**



पूर्व सांसद नकुलनाथ ने सोमवार को सौसर विधानसभा के ग्राम बोरगांव देवी सौसर में सहित विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। उन्होंने कई परिवारों में पहुंचकर उनके सुख-दुख की जानकारी ली,सौसर क्षेत्र में आगमन पर श्री नकुलनाथ के द्वारा आईपीएल में चयनित हुए मंगेश यादव के बोरगांव निवास स्थान पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात करते हुए उनका स्वागत सत्कार किया है।इस दौरान बोरगाव में नंदाजी कॉलोनी मेंपूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा दादाजी फिजियोथैरेपी सेंटर का रिबन काटकर शुभारंभ किया,ग्राम पंचायत सरपंच पंकज उपसरपंच घनश्याम कालपाण्डे, प्रदेश युवक कांग्रेस सचिव सोपान कोहले, डॉ शिव सालोटकर,आदि प्रमुखता से उपस्थित थे,औद्योगिक क्षेत्र में आगमन पर पूर्व सांसद नकुलनाथ का जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन आइटम के अध्यक्ष प्रदीप इंगोले महासचिव प्रकाश बोराटे मोहम्मद कैफ शिवमोहन शर्मा किशोर खरपुरिया के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया

### नकुलनाथ ने सौंसर, देवी पहुंचकर की शोक संवेदनाएं व्यक्त

सौसर के प्रवास पर रहे पूर्व सांसद लोगों के सुख-दुख में हुए शामिल हुए है।सौसर नगर में मोहगांव मार्ग पर स्थित बोडखे के निवास पर पहुंचकर नकुलनाथ के द्वारा हाल ही में श्रीमती देवकीबाई बोड़खे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया पूर्व सांसद श्रीनाथ के द्वारा 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की, संतरा व्यापारी रमेश बोडखे नितिन बोडखे आदि परिजनों से मुलाकात की। पूर्व सांसद श्रीनाथ के द्वारा वार्ड क्रमांक 10 स्थित संदीप कोरडे के निवास स्थान पर पहुंचकर सुधाकर कोरडे गुरुजी के निधन पर शोक व्यक्त किया,अविनाश कोरडे ओर परिजनों से मुलाकात की, ग्राम देवी में पूर्व सांसद श्री नाथ ने पहुंचकर पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुनाराम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान पवन बाविस्टाले एवं परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि स्वर्गीय पूनाराम बाविस्टाले ने जीवन भर कांग्रेस की इमानदारी से सेवा ओर संगठन का काम किया है,इस दौरान विधायक विजय चौरे, कांग्रेस वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, ब्लॉक कांग्रेस समिति सौसर अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे,कांग्रेस नेता सुरेश कपाले,विलास जोगी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजा बोढे, ज्ञानेश्वर गावंडे आदि थे।

**नपाध्यक्ष ने स्कूल भवन की मरम्मत कर आंगनवाड़ी को सौंपा**

## वार्ड नंबर 20 की आंगनबाड़ी को मिला भवन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**



परासिया के वार्ड क्रमांक बीस की आंगनबाडी को भवन मिल गया है। लक्ष्मीबाई स्कूल के बंद पडे कमरों की मरम्मत कर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने आंगनबाडी को उपलब्ध कराया है। इन दो कमरों के मिलने से आंगनबाडी व्यवस्थित चलने लगेगी। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने इन कमरों को आंगनबाडी को सौंपा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, पार्षद सावित्री वर्मा, सुपरवाईजर कमलेश्वरी वर्मा, कार्यकर्ता प्रेमवती सोनी, गणेशी कुशवाहा, आशा कार्यकर्ता अभिलाषा साहू वार्ड वासी राकेश शर्मा, संतोष वर्मा आदि उपस्थित थे। इस आंगनबाडी को किराए के भवन में लगाया जा रहा था। किराए के भवन अच्छी कंडीशन के नहीं मिल रहे थे। नए आंगनबाडी भवन के निर्माण के लिए वार्ड में शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं थी। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष से आग्रह किया गया। स्कूल बंद होने के बाद डोंगर चिखली लक्ष्मी बाई स्कूल के दो कमरे जर्जर हो चुके थे। इस जर्जर कमरे को मरम्मत कर आंगनबाडी के लिए उपलब्ध कराया गया।सुपरवाईजर कमलेश्वरी वर्मा ने कहा कि आंगनबाडी के लिए भवन नहीं मिल रहा था। ये कमरे मिलने से व्यवस्था बन जाएगी। पार्षद रिंकी वर्मा ने कहा कि तीन साल से बच्चे परेशान थे। बारिश में कमरा तालाब बन जाता था। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि बच्चों की परेशानी को देखते हुए जनहित में नगर पालिका ने ये दो कमरे उपलब्ध कराए है। इससे आंगनबाडी का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा।

## आक्रोश रैली, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और सीएम डॉ. मोहन यादव का फूंका पुतला

# गूंगी-बहरी सरकार नहीं सुन रही किसानों की पुकार: नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को पांढुर्ना में कांग्रेस द्वारा किसान आक्रोश रैली निकाली गई। पूर्व सांसद नकुलनाथ के नेतृत्व में तीन शेर चौक से शुरू हुई रैली के बाद कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपकर किसानों की मांगों के निराकरण की मांग की गई। रैली के दौरान छत्रपति शिवाजी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर झूमाझटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने अग्निशमन यंत्र से आग बुझाने के प्रयासों का विरोध किया।

तीन शेर चौक पर आयोजित किसान सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद नकुलनाथ ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की पुकार नहीं सुन रही है, इसलिए अब आंदोलन लगातार किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ी तो हर सप्ताह आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि दो माह पहले किसानों को खाद और यूरिया नहीं मिल रहा था, आंदोलन के बाद ही स्थिति में सुधार हुआ।

नकुलनाथ ने कपास के दामों को लेकर सरकार पर अन्याय का आरोप लगाते हुए कहा कि जब कमलनाथ कपड़ा मंत्री थे तब कपास का भाव 6 हजार रुपये था और आज भी लगभग वही स्थिति है। जब तक सरकार कपास का भाव 10 हजार रुपये नहीं देगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों में भाजपा शासन ने किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

सौंसर विधायक विजय चौरे ने कहा कि 140 करोड़ लोगों का पेट भरने वाला किसान आज सरकार के सामने हाथ जोड़ने को मजबूर है। उन्होंने मक्का के समर्थन मूल्य का मुद्दा उठाते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के सामने 2400 रुपये समर्थन मूल्य की बात रखने पर वे मौन हो गए। साथ ही जिले में जुआ, सट्टा, अवैध शराब जैसे धंधे भाजपा नेताओं के संरक्षण में चलने का आरोप भी लगाया।

पांढुर्ना विधायक निलेश उईके ने कहा कि प्रदेश में 20 और केंद्र में 10 वर्षों से भाजपा की सरकार होने के बावजूद अन्नदाता परेशान है। कपास, मक्का, संतरा सहित अन्य फसलों के किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी है और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।किसान सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके, किसान संघ अध्यक्ष हरनाम सिंह संगर, सौंसर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यमदे, विधायक सुनील उईके, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, एआईसीसी सचिव चंदन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व किसान उपस्थित रहे।

## रीना सूर्यवंशी ने हासिल की पीएचडी उपाधि



**जुन्नारदेव।** जनपद सदस्य मनोहर चौकसे की धर्मपत्नी श्रीमती रीना सूर्यवंशी ने एस वी एन विश्व विद्यालय सागर से माइक्रोबायोलॉजी विषय मे शोधकार्य कर डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमण (यू टी आई)मे एंटी बायोटिक के स्थान पर जंगली जड़ी बूटी जैसे पुत्र जीवक, ब्राम्ही,शतावर, असगंधा,कौंच,भृंगराज,गिलोय, यष्ठीमधु,शिवलिंगी ,सौंफ,अदरख,आंवला, बहेड़ा, दालचीनी,हल्दी, धनिया आदि औषधीय योग का प्रयोग कर यह सिद्ध कर दिया कि अंग्रेजी दवाइयों की तरह यह हर्बल औषधियां भी बिना किसी साइड इफेक्ट के बेहतर परिणाम देती है ।जो यूरीन संक्रमण पर और महिलाओं के लिए इम्यूनिटी बूस्टर का काम करती है।उनकी इस उपलब्धि पर नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता जतलायी है।

## हाई स्कूल के वार्षिक उत्सव का हुआ रंगारंग शुभारंभ

**जुन्नारदेव।** ग्राम मोरकुंड स्थित उड़ान पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आज सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय परिसर खेल भावना और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा।प्रथम दिवस नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें मेंढक दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़, म्यूजिकल चेयर, 50 मीटर दौड़, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। इन खेलों में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। जिससे अभिभावक भी आनंदित नजर आए।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है।वार्षिक उत्सव का भव्य समापन समारोह आज आयोजित किया जाएगा, जिसमें रस्सी कूद एवं कबड्डी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ कराई जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं समाजजनों से समापन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

## बोरगांव में कामगारों को अधिकार बताने हुई कार्यशाला

### जिला वस्त्र एम्पलाइज यूनियन ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बोरगांव के भगवती मंगल कार्यालय में रविवार को जिला वस्त्र एम्पलाइज यूनियन इंटक की एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई।कार्यशाला में मुख्य अतिथि रूप से सौसर विधायक विजय चौरे परासिया विधायक सोहन वाल्मीक के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष इटक श्यामसुंदर यादव मध्य प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शेषमनी पांडे,प्रदेश मंत्री अशोक गोस्वामी,प्रदेश सचिव विनोद पांडे, प्रदेश मंत्री शंकरदयाल शर्मा, प्रमुख विनय सिंह भदोरिया, यूनियन अध्यक्ष प्रदीप इंगोले आदि थे, कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सरदार वल्लभाई पटेल के प्रतिमा पूजन के साथ किया गया, कामगारो की कार्यशाला की प्रस्तावना जिला वस्त्र एंप्लाइज यूनियन अध्यक्ष प्रदीप इंगोले ने रखी, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रमिक नेताओ ने श्रम कानून सुरक्षा और स्वास्थ्य,सामाजिक सुरक्षाः पीएफ अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने की प्रक्रिया। एकजुटता का महत्व,आदि अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से रखने के लिए यूनियन की भूमिका और सामूहिक शक्ति पर जोर दिया, आदि पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अक्सर जानकारी के अभाव में कामगार अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। इस तरह की कार्यशालाओं से श्रमिकों में आत्मविश्वास आता है और वे शोषण के खिलाफ आवाज उठा सकते हैं।यूनियन के कार्यो की विधायक विजय चौरे ने की प्रशंसाकामगारों को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा जिला वस्त्र एम्पलाई यूनियन इटक के द्वारा निरंतर औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव में संचालित कंपनियों के कामगारों की समस्याओं के समाधान करने के लिए लगातार आंदोलन और आवाज उठाई है।इसीलिए संगठन के साथ में बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्षेत्र के इकाइयों के कामगार जुड़ रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा निरंतर औद्योगिक क्षेत्र के कामगारों को न्याय सुरक्षा और रोजगार मिले इसके लिए कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन किशोर खरपुरिया ने किया वहीं आभार प्रदर्शन संगठन के महासचिव प्रकाश बौराटें ने किया,आयोजन में शिवमोहन शर्मा, सुरेश पाटिल, अरुण चौरे,सतीश तिवारी, सूर्यप्रकाश तिवारी, मोहम्मद कैश, संजय ठाकरे, योगेश जिचकर, नामदेव चौधरी, गणेश चौरे, किशोर नेरकर, दीपक घुघल, सोनबा वड़े, अजय यादव, अजय

## आई भीमाई और संत गाडगे बाबा की बुद्ध विहार में मनाई पुण्यतिथि



**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित संजय नगर बुद्ध विहार में बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर 'सुजाता महिला मंडल' सौसर द्वारा आई भीमाई अंबेडकर,संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान बुद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, आदि बहुजन महानायकों के प्रतिमा पूजन के साथ किया गया, इस अवसर उपस्थितजनों के द्वारा गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए स्वच्छता व शिक्षा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले देवेंद्र बागडे, बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय. एल.ठवरे,देवेंद्र बागडे, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर, दिवाकर बागडे,बसपा नेता ज्ञानेश्वर गजभिए, दामोदर सहारे के द्वारा राष्ट्र संत गाडगे महाराज के जीवन पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ अशोक भगत के द्वारा सुजाता महिला मंडल को संत गाडगे बाबा की प्रतिमा भेंट की गई।आयोजन के दौरान आगामी समय में रमाबाई अंबेडकर की जयंती मनाने, 12 फरवरी को महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के लिए भंते विनाचार्य जी के द्वारा दिल्ली मैं आयोजित आंदोलन में सौसर क्षेत्र के गांव गांव से लोगों को संपर्क करते हुए आंदोलन में पहुंचने की व्यवस्था बनाने, 31 जनवरी से धम्मागिरी काजलवाली टेकड़ी में बुद्ध धम्म महोत्सव में अधिक से अधिक समाज बंधुओ को उपस्थित होने के लिए प्रचार प्रसार,ओर बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन का सौसर पांढुर्णा खेरियायगाव में आयोजन करने आदि विषयों को लेकर चर्चा की गई है।

## लिंगा रिंग रोड पर मंत्री सारंग का किया गया जोरदार स्वागत



**छिंदवाड़ा।** धर्म टेकरी नगर मंडल एक के अध्यक्ष सौरभ ठाकुर ने लिंगा रिंग रोड सर्किल पर लगभग सैकड़ो चौपिया बाहन के साथ मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग जी का गर्म जोशी से अपने समर्थकों के साथ स्वागत किया साथ ही मध्यप्रदेश शासन के किबीनेट मंत्री श्री विश्वास सारंग भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर दौलत सिंह जी का हाल-चाल जानने के लिए उनके निवास पर पहुंचे जहां भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया सौरभ ठाकुर विश्वास सारंग जी के साथ युवा मोर्चा मे भी उनकी टीम मे रह कर साथ काम किए है।

## पीएम श्री शास. उ.मा.वि.भेंडारा में हुआ बैग लेस डे, विद्यार्थीयो का होगा कौशल विकास



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** विकासखण्ड खैरलांजी अंतर्गत पी. एम. श्री शास. उ.मा. वि. भेंडारा में 20 दिसंबर शनिवार को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शासन की मंशा अनुसार विद्यालय में ₹बैग लेस डे₹ का आयोजन कराया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों के अंतर्निहित रचनात्मक एवं कलात्मक विचारों को मूर्त रूप देना है। इस आयोजन में पी. एम. श्री स्कूल भेंडारा के समस्त छात्र- छात्राओं में अपनी हस्त शिल्पकला एवं चित्रकला के माध्यम से कागज के फूल, फूलदान, सिनरी, फ़ोटो फ्रेम, गृह साज सज्जा के सामान, गहने, घर तथा सुंदर चित्रकारी आदि का सृजन किया। स्कूल प्रबंधन के द्वारा जिस हेतु सामग्री एंव स्वल्पाहार छात्रों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख श्री आर के नगपुरे ने कहा कि शासन के इस प्रयास से अवश्य ही हमारे छात्रों को किताबी ज्ञान से अलग अपनी रचनात्मक कलाओं को उजागर करने का अवसर प्राप्त हुआ है।जो भविष्य में उन्हें रोजगारोन्मुखी द्रष्टिकोण भी प्रदान करेगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन प्रभारी श्री मौसम कोल्हेकर, श्रीमती रश्मि तुरकर,श्री अमित भँवरे , श्री बी.आर. मसखरे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना अमूल्य सहयोग छात्रों को प्रदान किया। तथा कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन करने में सभी के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुढ़ी का सफल निरीक्षण हुआ संपन्न




**हरिभूमि न्यूज किरनापुर। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के अधीनस्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुढ़ी का सफल निरीक्षण संपन्न कलेक्टर बालाघाट श्री मृणाल मीना, अनुविभागीय अधिकारी श्री मायाराम कोल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के दिशा-निर्देशन में विकासखण्ड किरनापुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के अधीनस्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बुढ़ी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुदृढ़ करने हेतु निर्धारित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।**

इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय दल द्वारा एन.क्यू.ए.एस. निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में उपलब्ध ओपीडी सेवाएँ, औषधि वितरण व्यवस्था, स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण, रोगी सुरक्षा, रोगी अधिकार तथा अभिलेख संधारण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। एन.क्यू.ए.एस. के प्रावधानों के अनुरूप यह सुनिश्चित किया गया कि मरीजों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्ता आधारित सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। संस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सी.एम.एच.ओ. डॉ. परेश उपलप, जिला क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. पंकज महाजन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे, डी.पी.एम. श्री विक्रम सिंह ठाकुर एवं प्रभारी सी.पी.एच.सी. सलाहकार श्री राजाराम चक्रवर्ती* के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्य किया गया। इसके साथ ही जिला क्वालिटी मेंटर श्री विनोद कामड़े तथा सी.एच.ओ. मेंटर श्रीमती ज्योति राहंगडाले एवं समस्त सी.एच.ओ. का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य विभाग का निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एन.क्यू.ए.एस. के अंतर्गत नियमित निगरानी, मूल्यांकन एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला 32 वर्षीय महिला का शव

**वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के शिव धाम मोहल्ले के वार्ड नम्बर 19 में निवास करने वाले टेकाम परिवार की 32 वर्षीय बहू शोभा टेकाम का शरीर रात्रि में फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाए जाने से परिवार में सनसनी फैल गई है। रात्रि में ही परिजनों ने इस घटना की सूचना मृतिका के डोकरबंदी लालबर्रा में रहने वाले मायके पक्ष व पुलिस थाने में दी। जिस पर मायके पक्ष के लोग व पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा और जांच प्रारम्भ कर दी है। जानकारी अनुसार मृतिका शोभा अपने पति देवेंद्र टेकाम व 8 वर्षीय पुत्री के साथ रात्रि में सोई हुई थी। लेकिन रात्रि लगभग 3 बजे जब उसके पति देवेंद्र की अचानक नींद खुली, तो उसने शोभा को फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाया। जिस पर उसने तत्काल अपने पिता ईश्वरी टेकाम सहित परिजनों को इस बात की जानकारी दी। जिस पर सबने उसे देखा, तो उसकी मौत हो चुकी थी।

### मोक्षधाम में आने वाले नागरिकों को उठानी पड़ रही है परेशानी

## नगरपालिका की लापरवाही के कारण टोड़्या नाले में नहीं बन पा रही सीढ़ियॉ



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

गर्मियों में टोड़्या नाले में पर्याप्त पानी रहने और मोक्षधाम में दाह संस्कार के बाद राख विसर्जन के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा जनता एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर स्टाप डेम का निर्माण करवाया गया है। लेकिन मोक्षधाम से नीचे नाले तक उतरने के लिए सीढ़ियों का निर्माण नहीं होने से मोक्षधाम में क्रिया कर्म करने वाले नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि शासन द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग वारासिवनी के माध्यम से लगभग 42.69 लाख रुपये की लागत से वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर स्थित टोड़्या नाले पर मोक्षधाम की ओर से स्टाप डेप का निर्माण किया जाना स्वीकृत किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा 30.20 प्रतिशत कम राशि का टेंडर भरने से स्टाप डेम की लागत घटकर लगभग 30 लाख रुपये हो गई। जिसमें ठेकेदार द्वारा लगभग 5 माह पूर्व स्टाप डेम का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया।

**स्टाप डेम निर्माण से बची 12 लाख रुपये की राशि से होना है सीढ़ी निर्माण:** जिसके कारण शेष बची हुई लगभग 12 लाख रुपये की राशि से मोक्षधाम की ओर से नाले में उतरने के लिए सीढ़ियों का निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे मोक्षधाम में अंतिम संस्कार करने के लिए के लिए आने वाले नागरिकों को नाले से पानी लेने जाने के लिए परेशानी का सामना ना करना पड़े। किंतु नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा टोड़्या नाले पर बने हुए स्टाप डेम को अपने अधीन नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण सीढ़ियों का निर्माण कार्य अटका पड़ा हुआ है।

**ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के एसडीओ भेज चुके है 2 पत्र नगरपालिका को:** जानकारी अनुसार इस स्टाप डेम की देखरेख नगरपालिका परिषद वारासिवनी को करना है। इसीलिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अनुविभागीय अधिकारी सरोज सरैया ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद वारासिवनी को 29 जुलाई 2025 को एक पत्र लिखकर स्टाप डेम को अपने आधिपत्य में लेकर हस्तांतरण प्रमाण पत्र भेजने का अनुरोध किया था, लेकिन जब नगरपालिका सीएमओ द्वारा 3 माह तक हस्तांतरण प्रमाण पत्र नहीं भिजवाया गया, तो उनके द्वारा पुनः 6 नवम्बर 2025 को एक पत्र भेजा गया। जिसमें उन्होंने पूर्व पत्र का हवाला देते हुए हस्तांतरण प्रमाण पत्र नहीं भेजने का उल्लेख किया था और हस्तांतरण पत्र नहीं मिलने के कारण शासन स्तर पर स्टाप डेम कार्य अपूर्ण प्रदर्शित नहीं होने का जिक्र किया गया था। पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कर्मचारियों द्वारा सीएमओ से संपर्क करने पर उनके द्वारा चाहे गए दस्तावेज भी उन्हें उपलब्ध करवा दिए गए थे और उसके बाद हस्तांतरण प्रमाण पत्र भिजवाने का अनुरोध किया गया था।

**स्टाप डेम का नपा को हस्तांतरण के बाद ही बन सकती है सीढ़ियॉ:** ग्रामीण यांत्रिकी विभाग वारासिवनी द्वारा 2-2 पत्र भिजवाने के बावजूद आज तक नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्टाप डेम को अपने आधिपत्य में लेकर हस्तांतरण प्रमाण पत्र ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को नहीं भेजा गया। इस प्रमाण पत्र के नहीं मिलने के कारण ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा नाले तक सीढ़ियों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जब नगरपालिका स्टाप डेम को अपने आधिपत्य में लेने का हस्तांतरण प्रमाण पत्र हमें सौंप देगी। उसके बाद ही हम शेष बची हुई राशि से मोक्षधाम की ओर से नाले तक पहुँचने के लिए सीढ़ियॉ बनाने का कार्य प्रारंभ कर पायेगे।

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया समाज के प्रत्येक कार्य हेतु सजग-डॉ.चरनदास ढेंगरे

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन वारासिवनी में सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया तहसील एवं नगर शाखा वारासिवनी जिला बालाघाट मप्र द्वारा अभिनंदन लॉन,वारासिवनी में युवक युवती परिचय सम्मेलन संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के मुख्यातिथ्य में,आर डी बनसोड जी तहसील अध्यक्ष वारासिवनी के अध्यक्षता में तथा प्रमुख अतिथि आर के कटाने प्रदेश सचिव,धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव, आयुनी प्रमिला चौहान जिला कोषाध्यक्ष,राजकुमार मंडाले जिलाध्यक्ष मंडला, जिला उपाध्यक्ष- खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे,शैलेश सुखदेवे जी,बालाघाट,संस्था के तहसील अध्यक्ष बालाघाट योगराज ऊके,किरनापुर दुरेन्द्र सावनकर, खैरलांजी कैलाश भोरजार,बैहर के आर सोनटक्के,लालबर्रा प्रहलाद मेश्राम आदि तहसील एवं भालवा सर्कल अध्यक्ष डॉ सुभाषचंद्र रंगारे जी सहित प्रमुख पदाधिकारियों एवं जिला बालाघाट,गोंदिया छत्तीसगढ़ एवं मप्र के विभिन्न जिलों से आए हुए युवक युवतियों के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ,जिसमें 140 युवक युवतियों ने भाग लिया सर्वप्रथम सामूहिक पूजा वंदना के पश्चात मंचासिन सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।सभी अतिथियों ने सम्मेलन,संगठन तथा समाज की समस्या के ऊपर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि डॉ चरनदास ढेंगरे जी ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि समाज के प्रत्येक परिवार में विवाह योग्य युवक युवतियां हैं,उन्हें योग्य जीवन साथी के चयन हेतु इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं,वैसे ही समाज के हर कार्य जैसे किसी भी प्रकार की समस्याएं हो या सुख के पल हो भारतीय बौद्धों की यह राष्ट्रीय धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा हर पल सजग रहती है,सभी ने इससे जुड़कर आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए,सभी ने अपना मंच में अपना परिचय दिया,इस सफल आयोजन में सैकड़ों की संख्या में अनुयायि शामिल थे।इस आयोजन की सब ओर प्रशंसा हो रही हैं।आम जन के सुविधा हेतु स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है,जो 15 जनवरी तक सबको शुल्क के साथ उपलब्ध हो सकेगी।इस सफल आयोजन का संचालन अभिराज मेश्राम महामंत्री,दूसरे सत्र में मनोज भालाधारे नगर महामंत्री,तीसरे सत्र में धर्मेंद्र घोड़ेसवार उपाध्यक्ष,चौथे सत्र में गजानन मेश्राम द्वारा किया गया,प्रस्तावना मुकेश पटले नगर अध्यक्ष एवं उत्तम मेश्राम सचिव द्वारा पेश की गई तीस आयोजन को सफल करने हेतु डी डी भालेकर,सुनील घोड़ेसवार,अशोक वासनिक,रघुवीर मेश्राम,विनय ऊके,राजेश दरवडे,प्रयास मेश्राम, विश्वमाला घरडे,सुचिता डोंगरे,यमुना ताई तिरपुडे,शोभा बांसोड़,पूर्णिमा मेश्राम,अंजू घोड़ेसवार,संगीता गजभिए आदि नगर एवं तहसील वारासिवनी के पदाधिकारी कार्यकर्ता ओ का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन के अध्यक्ष आर डी बनसोड़ जी ने सभी प्रति मंगल कामनाएं कर आभार प्रकट किया।

## लांजी में ब्यूटीशियन कोर्स का समापन 60 छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी में स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम (ब्यूटीशियन कोर्स) का समापन हुआ। 25 नवंबर से 19 दिसंबर तक चले इस कार्यक्रम में 60 छात्राओं ने भाग लिया। अध्यक्षताःप्राचार्य प्रो. आर. आर. सोनवाने,प्रकोष्ठ प्रभारीः* डॉ. गौतम कठाने,प्रशिक्षणः फेशियल, मेकअप, हेअर स्टाइलिंग, थ्रेडिंग, दुल्हन मेकअप, स्किन केयर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना। माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य सोनवाने ने छात्राओं को लगन और मेहनत से सीखने की प्रेरणा दी। डॉ. गौतम कठाने ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।60 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षकः* सुश्री दिपाक्षी सुलाखे, शिपत खान,कार्यक्रम में सहयोग के रूप में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षित छात्राएँ।

# घंसौर अस्पताल को सिविल हॉस्पिटल बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरी जनता

## 7 दिन का अल्टीमेटम, घंसौर बंद रहा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति और पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव को लेकर जनता का आक्रोश अब सड़कों पर साफ नजर आने लगा है। अस्पताल को सिविल हॉस्पिटल का दर्जा देने की मांग को लेकर सोमवार को घंसौर पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस बंद को व्यापक समर्थन मिला। जनता का कहना है कि घंसौर क्षेत्र की आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन अस्पताल की सुविधाएं वर्षों से जस की तस हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, आधुनिक जांच मशीनों का अभाव, रेफर सिस्टम की मजबूरी और गंभीर मरीजों को सिवनी या जबलपुर भेजे जाने की स्थिति आम हो चुकी है। इससे न सिर्फ मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है, बल्कि गरीब और ग्रामीण वर्ग को आर्थिक व मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। इन्हीं समस्याओं को लेकर सोमवार को एसडीएम घंसौर को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट किया कि यदि 7 दिन के भीतर घंसौर अस्पताल को सिविल हॉस्पिटल बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में मांग की गई कि अस्पताल में स्थायी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हो, आधुनिक जांच एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं सुचारु हों तथा रेफर की मजबूरी खत्म की जाए। आंदोलनकारियों ने कहा कि घंसौर विकासखंड की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय चाहती है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी





कि यदि प्रशासन और शासन ने इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घंसौर बंद के दौरान बाजार पूरी तरह बंद रहे, यातायात सीमित रहा और प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

कुल मिलाकर, घंसौर अस्पताल को लेकर जनता का सब्र अब जवाब देने लगा है। अब देखना होगा कि प्रशासन 7 दिन के अल्टीमेटम में क्या कदम उठाता है या फिर यह आंदोलन और उग्र रूप लेता है।

### इनका कहना है

आपने जो ज्ञापन दिया है उसे शीघ्र ही कलेक्टर महोदया को पहुंचाया जाएगा एवं सभी मांगों के संबंध में कलेक्टर मैडम को अवगत कराया जाएगा ।

**बिशन सिंह गौड़ एसडीएम घंसौर**

## खबर संक्षेप

### श्री जगद्गुरु शंकराचार्य जी के पावन स्मृति में श्री शंकराचार्य स्मारक के निर्माण से सनातनधर्मियों में अत्यंत हर्ष

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भगवत्पूज्यपद धर्मसम्राट् अनंतश्री विभूषित ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी की पावन जन्मस्थली सिवनी जिला के हृदयस्थल छिंदवाड़ा चौक में माननीय विधायक दिनेश मुनमुन राय जी के



अथक प्रयास से श्री शंकराचार्य स्तंभ निर्माणार्थ हेतु 50 लाख की राशि स्वीकृत हुयी। पूज्यपाद धर्मसम्राट् द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द जी महाराज की पावन स्मृति में श्री शंकराचार्य स्मारक स्तंभ का निर्माण से समस्त गुरुभक्तों एवं सनातनधर्मियों के अत्यंत गौरव का विषय है। श्री शंकराचार्य स्तंभ के निर्माण से अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुये धर्मवीर अजित तिवारी ने बताया कि इस स्थापना से निश्चित ही सिवनी जिले की धार्मिक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इतिहास में अंकित होगी। यह स्तंभ निश्चित ही सिवनी को कीर्ति और यश प्रदान करेगा और सदा सनातनधर्मियों को गौरवान्वित करेगा।

# बैनगंगा शांति धाम का लोकार्पण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपनगरीय भैरोगंज से 2 किलोमीटर की दुरी में ग्राम परतापुर बैनगंगा तट पर स्थित मोक्षधाम पर स्थानीय व कोष्टा समाज सहित अन्य क्षेत्रीय निवासरत समाज के लोग अंतिम अन्तेष्ठी यात्रा लेकर पहुंचते है लेकिन वहा पर आज तक कोई व्यवस्था ना होने से, मुख्य तौर पर वर्षा व ग्रीष्म ऋतु के समय बैठने, रुकने ओर सांत्वना संवाद के लिए कोई व्यवस्थित, सुरक्षित स्थान न होने से सभी लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है जिसे लेकर ग्राम पंचायत से निर्माण स्वीकृति प्राप्त कर कोष्टा समाज सिवनी द्वारा सार्वजानिक सामाजिक पहल अंतर्गत सर्व समाज को समर्पित करते हुए 30360=1800 वर्गफुट में बैनगंगा शांति धाम का निर्माण



12,50,000 रूपये सामाजिक जन सहयोग एकत्रित कर करवाया गया हैं एवं भवन के सामने 20 पौधारोपण किये गए है इसके साथ ही अन्तेष्ठी रखने के लिए एक चबूतरे का भी निर्माण हुआ है, सामाजिक बंधुओ सहभागी सदस्यों सहित विशिष्ट अतिथि के सानिध्य में निर्मित भवन का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। उक्त पुण्य प्रदायक निर्माण एवं कार्यक्रम के संयोजक समाज सेवी भावयुक्त से.नि.शिक्षक राजेंद्र कुमार हेड़ाऊ के साथ मुख्य रूप से संयोजक सदस्य रामलाल कुल्हाड़े, दिलीप नन्दनवार, ब्रजलाल आत्मपूज्य घनश्याम हेड़ाऊ, देविप्रसाद कुल्हाड़े, नितेश हेड़ाऊ अधिवक्ता, हीरालाल कुल्हाड़े, गोपीचंद बर्वे, मंगल आत्मपूज्य, राकेश भाँगरे, संदीप कुल्हाड़े व भुवन लाल गढ़ेवाल, महावीर नन्दनवार, शिव सोनकेशरिया, हर्ष बांगर भोलाशंकर निमजे सहित सभी सामाजिक व अन्य सहयोग कर्ताओ का सराहनीय योगदान रहा हैं एवं कोष्टा समाज को गौरान्वित कर देने वाले इस परम कल्याणकारी कार्य में मिले समस्त सदभावी सहयोग के लिए संयोजक मण्डल ने सहृदय शुभकामनाओं के साथ आभार व्यक्त कर आगे भी शासन, प्रशासन व जनमानस से सहयोग प्राप्त होने पर मोक्षधाम के सोंन्द्रियकरण व सुचारु रूप से व्यवस्थित करने के लिए निरंतर प्रत्नयशील रहेंगे।

# लखनवाड़ा क्षेत्र मे चोरों का आंतक किसान के खेत से ले उड़े धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

किसान के खेत में किसान की ही फसल अब सुरक्षित नहीं दिखती वह फसल जो किस दिन रात मेहनत करके उगाता है और अपने सपने को साकार करने के लिए परिश्रम करता है लेकिन चोरों के हौसले बुलंद इतने हो चले हैं कि खेत से ही किसान की फसल चोरी हो जाती है मामला ग्राम पीपरडाही जिला सिवनी का है जहां पर चोरों ने किस की फसल को ही साफ कर दिया पीड़ित कहता है मैं ग्राम पीपरडाही रहता हूं कास्तकारी करता हूं कक्षा दसवीं तक पढ़ा लिखा हूं। मेरा खेत गांव पीपरडाही के किनारे लगा



हुआ हैं जहां खेत में धान की फसल बोया था करीबन 15 दिन पूर्व धान की गाहनी कर वहीं घर के सामने ट्रेक्टर ट्राली में लेवर गुरूप्रसाद, सुनील यादव ने नाप तोल कर धान कट्टी बनाकर रख दिये थे दिनांक 17/12/2025 के रात 11/30 बजे खाना खाकर सो गये थे जो दिनांक 18/12/2025 के सुबह 5/15 बजे उठकर देखा तो ट्रेक्टर में रखी 96 कट्टी धान 40 किलो वाली नही थी कोई अजात चोर ने चुराकर ले गया हैं। धान की कीमति 90,000/- (नब्बे हजार रूपये) की चोरी हुई हैं। धान की कट्टी जूट की है जो हरे लायलोन की रस्सी से सिली हुई है मिलने पर पहचान लूंगा। अब देखना यह है कि क्या पीड़ित की आवाज पुलिस बनेगी क्या उसको उसकी धान मिल पाएगी जिसे उसने अपने अथक परिश्रम से खेतों में उगाया था।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अनुप्रिया कौरव ने स्वर्ण पदक अर्जित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

खेलो इंडिया अस्मिता लीग 2025 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पी जी कॉलेज सिवनी की एनसीसी केडेट अनुप्रिया ने किकबॉक्सिंग वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया। स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिवनी जिले की बालिका खिलाडिय़ों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगामी वेस्ट ज़ोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम में स्थान सुनिश्चित किया है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिवनी जिले की पी जी कॉलेज की एनसीसी केडेट अनुप्रिया कौरव ने स्वर्ण पदक अर्जित किया।

# जिला स्तर पर शिक्षकों ने मांगो के समर्थन में दिया धरना

## मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**जिला मुख्यालय में राज्य शिक्षक संघ मप्र की सिवनी जिला इकाई ने मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सिवनी को सौपा गया।**

ज्ञापन के माध्यम से मप्र शासन से मांग की गई की मप्र के नवीन शिक्षक संवर्ग क्रो उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुये समस्त आर्थिक लाभ प्रदान किये जावे। शासन द्वारा शिक्षकों की वरिष्ठता समाप्त करके पेंशन और ग्रेज्यूटी जैसे आर्थिक लाभो से वंचित किया जा रहा है। इसके साथ ही ई-अटेंडेंस जैसी अपमानजनक व्यवस्था क्रो शिक्षा विभाग में अनिवार्यता क्रो समाप्त किए जाने



की मांग भी मप्र शासन की गई आज के धरना कार्यक्रम में पूरे सिवनी जिले के आठो विकासखंडो से शिक्षकों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष ने बताया की यदि मांगो पर शासन कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है तो आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में तालाबंदी की जाएगी साथ ही आगामी 25 दिसंबर क्रो भोपाल में भी राज्य शिक्षक संघ का विशाल कार्यक्रम अम्बेडकर पार्क में होने जा रहा है। आज के धरना कार्यक्रम में विभिन्न संघठनों के जिला और प्रान्त अध्यक्ष ने भी अपनी सहभागिता दी। जिला प्रशासन की तरफ से सिवनी तहसीलदार सुश्री राधिका पाठक ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर ज्ञापन लिया।

ज्ञापन देने वालों में विपनेश जैन, गजेंद्र बघेल, बृज मोहन सनोडिय़ा, रामकृष्ण दुबे, संतोष सूर्यवंशी ,रघुवंशा पन्द्रे, रोशन नामी, नीलेश जैन, राजेश बिसेन, चित्तोड़ कुसरम, भोजराम बघेलिया, अनामिका बघेल, कमलेश परिहार, परसराम देशमुख, शमसुन्निशा खान, अविनाश पाठक, अनिल शर्मा, सी के बघेल, सन्तोष पारधी, शोभा सोनी, सुनील तिवारी, राकेश दुबे, सुनील राजपूत, कृष्णा सनोडिय़ा, मोहन गजभिये, रामभुवन धुर्वे और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# हल्दीराम रेस्टोरेंट एवं नजीर होटल में अनियमितताएं पाए जाने पर जारी किया गया सुधार सूचना पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा भोपाल के आदेश अनुसार गठित फ्लाइंग स्कॉट टीम के द्वारा आज जिला सिवनी स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आर सिंघानिया पैराबोलिक राइस मिल से परबॉयल्ड राइस का नमूना, श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज से फ्रोजन मक्का एवं ग्रीन मटर का नमूना लिया गया एवं अनियमितता पाए



जाने पर उक्त दोनों प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसी क्रम में फ्लाई स्कॉट टीम भोपाल एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी द्वारा हल्दीराम रेस्टोरेंट बायपास रोड नगझर के किचन एवं लाइसेंस स्थितियों में कमियां पाए जाने के कारण सुधार सूचना पत्र जारी किया गया एवं कुकिंग ऑयल, टेस्टी एवं मैदे का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। नजीर होटल बस स्टैंड को सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत लाइसेंस रजिस्ट्रेशन की शर्तो का पालन न करने के कारण धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

# महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी जी के नाम और मूल्यों को मिटाने का सुनियोजित राजनीति साजिश है-कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी का नाम बदले जाने एवं उक्त योजना को बंद किये जाने हेतु जिस तरह से कानून लाया गया है उसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय को जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि भारत गणराज्य में केन्द्र की कांग्रेस (यूपीए) सरकार द्वारा देश में आजीविका सुरक्षा बढ़ाने, ग्रामीण गरीबी कम करने, मजदूरों का पलायन रोकने के लिए न्यूनतम 100 दिवस का रोजगार अकुशल श्रमिकों को देने के उद्धेश्य से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) लागू की गई थी, किन्तु भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का नाम बदलना सबसे महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी जी के नाम और मूल्यों को मिटाने का सुनियोजित राजनीति साजिश है।

वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (जीरामजी) विधेयक 2025के प्रावधानों में



रोजगार गारंटी कानून को कमजोर करने के साथ-साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम रोजगार गारंटी योजना से हटाया जाना राजनैतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित प्रतीत होता है। जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से मांग की है कि पूर्व की भाँति रोजगार गारंटी योजना में पूज्य बापू राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नाम को यथावत रखने केन्द्र की मोदी सरकार को आदेशित-निर्देशित करने का कष्ट करेंगें।

धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि हमारा भारत देश कृषिप्रधान देश है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद श्रमिको को स्थानीय क्षेत्र में ही रोजगार प्रदान करने की गारंटी देने हमारी कांग्रेस पार्टी की यूपीए सरकार द्वारा श्रमिको के हित में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना लाकर इसे जनकल्याण के लिए स्थायी कानून बनाया था। लेकिन आज वर्तमान में देश के इतिहास को बदलने की मानसिकता से सत्ता में बैठी केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा योजना से महात्मा गांधी जी का नाम विलोपित कर इस योजना का अत्यधिक भार प्रदेश सरकार पर लाद दिया जो आने वाले समय में श्रमिको के साथ एक बड़ा धोका साबित होगा। श्री मरावी ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय का जितना विरोध किया जाये कम है।

## वसंतोत्सव समिति की बैठक एवं काव्य गोष्ठी आयोजित हुई

**सिवनी।** विगत दिवस एस.एस.सी.शिक्षा महाविद्यालय, ड्रीमलैण्ड सिटी, सिवनी में साहित्य के प्रति समर्पित संस्था वसंतोत्सव समिति' की बैठक एवं काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा एवं सिवनी जिले के ख्यातिलब्ध साहित्यकार व्यंग्यकार स्व. डॉ. श्री रामनारायण सिंह 'मधुर' एवं वरिष्ठ शायर स्व. श्री अब्दुर्रब 'सदा' साहब की स्मृति में सिवनी जिले के दो वरिष्ठ साहित्यकारों एवं दो वरिष्ठ शायरों को सम्मान निधि शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।तत्पश्चात आयोजित काव्य गोष्ठी में सर्वप्रथम राजेन्द्र तिवारी 'प्रेम पुजारी' ने ब्रम्हलीन जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बुंदेली रचना पाठ किया ग्राम दिघौरी के दद्दा हमरे कथा कहतते धनपत दद्दा जी गिरजा बऊ संग सपरिवार रहतते। पोथीराम नाम बचपन को राम की पोथी सदा पढ़तते। नरेन्द्र नाथ 'चट्टान' के इस दोहे को सराहा गया-जब तलक जिन्दगी रहे रखिये सबसे प्रेम-मरने के सब बाद ही रहते फोटो फ्रेम। शायर मिन्हाज कुरैशी ने कई मनमोहक शेर प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी-''उसमें ऐसा जुनून मिलता है। खून से जैसे खून मिलता है।

# दिल्ली के काली घटा पहलवान ने जीता ठरकाखेड़ा दंगल का खिताब



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्रामीण अंचल में पारंपरिक खेल संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की दिशा में नवयुवक मंडल समिति ठरकाखेड़ा द्वारा शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 को आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल पूरे क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। सुबह से देर शाम तक चले इस दंगल में अखाड़े के चारों ओर दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही। ढोल-नगाड़ों की थाप, उद्घोषकों की आवाज और पहलवानों की हुंकार ने माहौल को पूरी तरह कुश्तीमय कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन रहे। विशेष अतिथि के रूप में मोहन पांडे माछीवाड़ा (चौरई), उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल भाटीवाड़ा उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में संतोष बघेल पुसेरा (पूर्व सरपंच) एवं मोंटी पटेल भाटीवाड़ा का विशेष योगदान रहा। दंगल में दादी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही, वहीं संपूर्ण आयोजन का कुशल संचालन दंगल संचालक मुन्ना महाराज ने किया।

देशभर के नामी पहलवानों की दमदार एंट्री इस विशाल दंगल में दिल्ली, आगरा, छिंदवाड़ा, सिवनी,जबलपुर सहित अन्य राज्यों व जिलों से पहुंचे नामी पहलवानों ने हिस्सा लिया। शुरुआती मुकाबलों से लेकर फाइनल तक हर कुश्ती रोमांच से भरपूर रही। पहलवानों ने पारंपरिक दांव-पेच, ताकत और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## बेहतर जीवन-कौशल, रोज़गार के लिए कॉलेज शिक्षा आवश्यक

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का कॉलेज चलो अभियान हुआ शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को कॉलेज शिक्षा से जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस की टीम ने 'कॉलेज चलो अभियान' तेजी से शुरू कर दिया है. यह टीम शहर और गांवों में जाकर जीवन में उच्च शिक्षा के लाभ और जानकारी देकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है. पूरे प्रदेश में हर वर्ष उच्च शिक्षा विभाग में ई-प्रवेश प्रक्रिया के पहले कॉलेज चलो अभियान चलाया जाता है।

अभियान टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मठ मंदिर सिवनी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उमावि, सिवनी, शासकीय उमा उर्दू विद्यालय, सिवनी, शासकीय




उत्कृष्ट उमावि, सिवनी और महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उमावि श, सिवनी का भ्रमण किया।नोडल अधिकारी डॉ मुन्ना लाल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने स्कूलों के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत हुए परिवर्तनों मेजर, माइनर, एमडीसी, वोकेशनल विषय, फील्ड प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, क्रेडिट सिस्टम, बहु आगमन और निर्गमन पद्धति के साथ साथ विद्यार्थियों को शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों से अवगत कराया।

उच्च शिक्षा करती है सुनहरे भविष्य का निर्माण

कॉलेज चलो अभियान दल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उच्च शिक्षा विभाग की कैरियर योजनाओं की जानकारी दी। डॉ जैन कुमार पंचेश्वर ने विद्यार्थियों को बताया कि उच्च शिक्षा हमारे सुनहरे भविष्य का निर्माण करती है. उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप, आवास योजना, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना इत्यादि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. संतलाल डेहरिया और डॉ. नीलेश्वरी बिसेन ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं का व्यक्तित्व विकास किया जाता है। जन भागीदारी शिक्षिका नीलम कश्यप ने बताया कि स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के द्वारा विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, सेमिनार और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अभियान के सभी विद्यालयों के प्राचार्य, स्टाफ और कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ शामिल हुए.

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## रबी की धान लगाने किसानों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में किसान रबी की फसल में धान नहीं लगाने के प्रशासन के निर्देश का विरोध कर रहे हैं। किसानों ने लगातार 10 घंटे दिन में बिजली देने की मांग के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

सोमवार को किसान गर्जना संगठन के नेतृत्व में जिले के किसानों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को




एक ज्ञापन भी सौंपा। किसानों का कहना है कि बालाघाट को 'धान का कटोरा' कहा जाता है। वे शासन और प्रशासन के धान नहीं लगाने के फरमान को नहीं मानेंगे और रबी में धान की खेती करेंगे।

किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद चौधरी ने बताया कि सरकार ने चुनाव में किसानों से फसल के उचित दाम और 24 घंटे बिजली देने जैसे वादे किए थे, जो पूरे नहीं हुए हैं। वर्तमान में किसानों को शेड्यूल में 10 घंटे बिजली मिल रही है। रात का शेड्यूल कड़ाके की ठंड और जंगली इलाकों में किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

किसानों की मुख्य मांग है कि सरकार 10 घंटे के मौजूदा शेड्यूल को खत्म कर दिन में लगातार 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराए। इससे किसान अपनी धान की फसल की सिंचाई कर सकेंगे और उपज से सोसायटियों का कर्ज चुका पाएंगे।

### स्पॉट में लाखों की मांडोली, खबर पक्की हैं

## बैहर वन सीमा क्षेत्र से निकल रही अवैध रेत कार्यवाही में एसडीओ की कार्यप्रणाली संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बैहर वन क्षेत्र की सीमाओं में रेत माफियाओं के द्वारा रेत का अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दो दिन पहले वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर के हर्राभाट क्षेत्र से एसडीओ साक्यवार के मार्गदर्शन में वन अमला ने अवैध रेत पर कार्यवाही की। जिसमें दो ट्रेक्टर स्पॉट से फरार कर दिये गए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार फरार कर दिए गए ट्रैक्टर मालिकों से वन अमले ने एसडीओ के मार्गदर्शन में लाखों की मांडोली कर मात्र ट्रैक्टर का एक ट्राला फॉरेस्ट कॉलोनी बैहर में खड़ा कर दिया गया। रेत के अवैध कारोबार में एसडीओ साक्यवर की भूमिका लंबे समय से चर्चा में बनी हुई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रेत



की कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व बैहर की कोई भूमिका नही हैं। रेत के अवैध कार्य में एसडीओ बैहर साक्यवार, अतीक खान तथा अन्य स्टॉप की भूमिका बताई जा रही हैं। अवैध रेत परिवहन की सूचना एसडीओ को प्राप्त होती तो हैं किन्तु कार्यवाही के नाम पर सिर्फ मांडोली कर जेब गरम किया जा रहा हैं।

## पीएम श्री शास कन्या उच्च मा वि बूढ़ी बालाघाट में योग,ध्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।


पीएम श्री शास कन्या उच्च मा वि बूढ़ी बालाघाट में 19 दिसंबर एवं 20 दिसंबर को विद्यालय में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य डॉक्टर हेमंत राहंगडाले एवं माखीजा के द्वारा शाला के बच्चों को योग और ध्यान सिखाया गया। जिसमें प्रशिक्षकों ने एक्सरसाइज़,योग और ध्यान से क्रमबद्ध रूप से अभ्यास कराया।अपने संबोधन में योग,ध्यान के माध्यम से कैसे ऊर्जावान रहते हुए अपने जीवन को सार्थक और सफल करने के महत्व को समझाया।कुछ खेल गतिविधियों के माध्यम से एकाग्रता बढ़ाने के उपाय बच्चों को बताए गए।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सुनीता माडावी, अशोक गुप्ता ,श्री आर लांजेवार,श्रीमती डूलेश्वरी बिसेन,श्रीमती स्वाति मेहरबान एवं समस्त स्टाफ सदस्यों का योगदान रहा।संस्था प्रमुख एस.के.तुरकर ने सम्माननीय प्रशिक्षको को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में ऐसे आयोजन करने के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

## निर्मुश जैन ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

### मारपीट करने वाले और अशोभनीय व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मी पर की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा ।





लालबर्रा के किराना व्यवसायी निर्मुश जैन ने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने किराना व्यवसाय की उधारी 10 ला ख रुपए मांगने अपने कर्मचारी के साथ रऊफ खान होटल वाले के यहां गया था एवं उसके अन्य सहयोगी जिन्होंने गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए रुपए देने से मना कर दिया और जान से मारने की नीयत से चाकू लेकर दौड़े और हाथ मुक्को से मारपीट की जिसकी रिपोर्ट लिखाने थाना पहुंचा तो मौके पर उपस्थित एस आई और उनके सहयोगी ने अशोभनीय व्यवहार करते हुए रिपोर्ट लिखने से मना कर मुझे थाने से भगा दिया इसके बाद मेरे द्वारा 112 नंबर को फोन लगाया गया जिन्होंने मुझे अस्पताल में भर्ती करवा कर मेरा उपचार कराया। मेरे साथ मारपीट1 करने वाले और अशोभनीय व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करता हूं।

## दो सड़क हादसों में एक की मौत

**बालाघाट**। बालाघाट में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में नैनपुर निवासी एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि स्कूल जा रहा एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पहला हादसा नैनपुर शांति निवासी लगभग 55 से 60 वर्षीय युसुफ अली के साथ हुआ। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके चलते पुलिस ने रेडियो मैसेज (आरएम) और व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी साझा की।इसके बाद मृतक की पहचान नैनपुर के शांतिनगर निवासी युसुफ अली के रूप में हुई। उनके भतीजे शेख इसराईल ने बताया कि चाचा मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और 20 दिसंबर से घर से लापता थे। परिवार उनकी तलाश कर रहा था।

## जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त बिजली शिकायतों का त्वरित निराकरण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट जिले के विकासखंड लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबेली के वन ग्राम हर्रादेही में शनिवार 20 दिसंबर 2025 को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बिजली से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में कार्यपालन अभियंता बालाघाट श्री रवि कुमार कुम्हरे एवं कनिष्ठ अभियंता लांजी श्री ललित मार्को द्वारा वन ग्राम सायर, संदूका एवं टेमनी का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता विद्युत उपभोक्ताओं के घरों का परीक्षण किया गया, जिसमें तीनों ग्रामों की विद्युत आपूर्ति चालू पाई गई।जांच के दौरान 3 से 4 घरों में पोल से सर्विस लाइन से संबंधित तकनीकी समस्याएं पाई गईं, जिनका तत्काल सुधार कार्य कर संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। विभाग द्वारा किए गए त्वरित सुधार से ग्रामीणों को राहत मिली। जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण से ग्रामीणों में प्रशासन एवं विद्युत विभाग के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई।

### 22 पंच निर्विरोध निर्वाचित, 19 के लिए कोई नामांकन नही

## 5 सरपंचों एवं 1 पंच के निर्वाचन के लिए 29 को होगा मतदान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध)-2025 के अंतर्गत बालाघाट जिले में 05 सरपंचों एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए 29 दिसम्बर को मतदान कराया जाएगा। बालाघाट जिले की बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्हेरा, वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत झालीवाड़ा, खैरलांजी विकासखंड की ग्राम पंचायत कचेखनी, लालबर्रा विकासखंड की ग्राम पंचायत रमपुरी एवं परसवाड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत उकवा में सरपंच के रिक्त पद एवं विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 में पंच पद के लिए मतदान कराया जा रहा है।

पंचायत उप निर्वाचन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले की 05 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं 42 पंचो के निर्वाचन के लिए 15 दिसम्बर तक नाम निर्देशन पत्र जमा करायी गई है। 18 दिसम्बर को नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गए है। सरपंच पद के लिए विकासखंड वारासिवनी की ग्राम पंचायत झालीवाडा में 02 प्रत्याशी, विकासखंड परसवाडा की ग्राम पंचायत उकवा में 04 प्रत्याशी, विकासखंड खैरलांजी की ग्राम पंचायत कचेखनी में 03 प्रत्याशी, विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत रमपुरी में 03 प्रत्याशी एवं विकासखंड बिरसा की ग्राम पंचायत पल्हेरा में 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस प्रकार 05 पंचायतों में सरपंच के लिए कुल 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है।

जिले की पंचायतो में 42 पंचों के निर्वाचन के लिए निर्धारित समय सीमा में 19 पंचो के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नही किया है। जबकि 22 पंचो के लिए मात्र 01-01 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत भरवेली में वार्ड क्रमांक 03 के लिये पंच पद के 03 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

इस प्रकार 29 दिसम्बर को 05 सरपंच एवं 01 पंच के निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान केंद्रो पर प्रातः 07 बजे अपरान्ह 03 बजे तक मतदान कराया जाएगा। सरपंच के रिक्त पदो का निर्वाचन ईव्हीएम मशीनों द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार कराया जायेगा एवं पंच पद के निर्वाचन की प्रक्रिया बैलेट पेपर से ही सम्पन्न होगी। पंच पद के परिणाम की घोषणा मतदान के तुरंत पश्चात की जायेगी। सरपंच पद के निर्वाचन के परिणाम की घोषणा दिनांक 02 जनवरी 2026 को की जायेगी।

ईव्हीएम से होने वाले सरपंच के निर्वाचन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रत्याशियों की उपस्थिति में 20 दिसम्बर को ईव्हीएम का रेंडमाईजेशन कर लिया गया है।

### 2300 क्विंटल धान जब्त; दो मिलर्स पर 5 गुना मंडी शुल्क लगाया

## धान व्यापारियों-मिलर्स पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर राजस्व, खाद्य आपूर्ति और वेयरहाउसिंग विभाग की एक संयुक्त टीम ने व्यापारियों और राइस मिलर्स के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

इस अभियान के तहत गोपाल एग्रोटेक लिंगा, जय मां अम्बे राइस मिल एंड ट्रेडर्स बगदरा, मां संतोषी इंडस्ट्रीज नैतरा और अग्रवाल राइस इंडस्ट्रीज लिंगा जैसे प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इन मिलों से कुल 2302.64 क्विंटल धान का स्टॉक मिला, जिसे उपार्जन अवधि समाप्त होने तक सील कर दिया गया।

जय मां अम्बे राइस मिल एंड ट्रेडर्स बगदरा में मंडी पोर्टल पर दर्ज 1062.25 क्विंटल धान से 86 क्विंटल अधिक धान पाया गया। इस पर मिलर पर 10,260 रुपए का 5 गुना मंडी शुल्क जुर्माना लगाया गया।

वहीं, पाराशर राइस मिल की जांच में मंडी पोर्टल पर दर्ज 230 क्विंटल धान का स्टॉक मौके पर नहीं मिला। इस अनियमितता के चलते मिल के प्रोपराइटर अंशुल पाराशर के खिलाफ भी 5 गुना मंडी शुल्क वसूलने की



कार्रवाई की गई।

इसके अलावा, मलाजखंड, पौनी मोहगांव क्षेत्र में अजय ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से 112 बोरी धान जब्त कर सील किया गया। किरनापुर क्षेत्र के सेवती में मनीष असाटी के मेसर्स असाटी ट्रेडर्स से 635 क्विंटल धान का स्टॉक जब्त कर व्यापारी को सुपुर्द किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब्त की गई धान की बिक्री पर उपार्जन अवधि समाप्त होने तक रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने यह भी बताया कि जिले में इस प्रकार की निरीक्षण और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी से मुसाफिर परेशान, आए दिन 2 से 4 घंटे विलंब से चल रही ट्रेनें

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलपथ गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी और तिरोड़ी के बीच प्रतिदिन चलने वाली सभी यात्री ट्रेने अपने निर्धारित समय से 2 से 4 घंटे देरी से चल रही है। करीब दो से तीन माह से यह सिलसिला हर दिन चला आ रहा है। जिस कारण रेल यात्रियों, कॉलेज के विद्यार्थियों को परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। रेल यात्री अपने गंतव्य स्थान पर समय पर नहीं पहुंच पा रहे है और विद्यार्थियों की कॉलेज की कक्षाएं छूट रही है। अब आलम यह है कि रेल मुसाफिरों का यात्री ट्रेनों से भरोसा उठने लगा है और वह फिर से बसों में महंगा सफर करने के लिए मजबूर हो गए है। गोंदिया और बालाघाट दोनों ही जिलों को आपस में जोड़ने वाली यात्री ट्रेनों को 'आवागमन की रीढ'. माना जाता है लेकिन यह रीढ़ ट्रेनों की लेटलतीफी से टूट चुकी है जिसका खामियाजा दोनों ही जिले की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा हैरत करने वाली बात यह है कि ट्रेनों के विलंब से चलने पर बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती भारती चुप्पी साधे बैठे हुए है वहीं जनता को हो रही परेशानी पर प्रमुखी विपक्षी पार्टी कांग्रेस को



भी सांप सूंघ गया है। कांग्रेस को ट्रेनों की लेटलतीफी नजर नहीं आ रही है।

### इस कारण हो रही परेशानी

नागपुर मंडल के अंतर्गत गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी रेल खंड में मेमू ट्रेन के परिचालन में रैंक शेयरिंग पद्धति का प्रयोग कर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। जिस वजह से हर दिन यात्री ट्रेने अपने निर्धारित समय से चलने की बजाए विलंब से चलती है। इस पद्धति का प्रयोग सिमित रोलिंग स्टॉक होने के स्थिति में, किंतु उपयोग में ज़्यादा माँग होने से रैक का अधिक से अधिक प्रयोग हो इसलिए किया जाता है, यह पद्धति रेल्वे के तकनीकी दृष्टिकोण से बहुत ही कारगर है, किंतु रैंक शेयरिंग पद्धति का सबसे बड़ा नुकसान, किसी भी एक ट्रेन नम्बर का लेट होना है अगर किसी भी ट्रेन का एक भी नम्बर लेट हो जाता है तो उस रैक से अन्य पेयरिंग ट्रेन नम्बर अपने आप लेट हो जाती है। जिससे वर्तमान गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोडी रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्री अत्यधिक परेशान है, क्योंकि रोजाना गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन के गोंदिया आने में रोज़ दो से ढाई घंटे विलंब होकर गोंदिया पहुँचती है। जिससे गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडी गोंदिया स्वतः विलंब हो जाती है। इस ट्रेन के लेट होने से इसके पेयरिंग रैक गाड़ी संख्या 68811/12 गोंदिया कटंगी गोंदिया भी विलंब से चलती है। गाड़ी संख्या क्रमांक 68803 बल्लारशाह गोंदिया मेमू ट्रेन का रैक शेयरिंग गाड़ी संख्या 68809/10 गोंदिया तिरोडी गोंदिया से ब्रेक कर इसे डेडिकेटेड रैंक से जल्द से जल्द परिचालन करवाया जाए। जिससे गोंदिया, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी रेल खंड में चलने वाली मेमू समय से पूर्व प्लेटफार्म में लगे और समय से निकल जाए जिससे इस रेल खंड में यात्रा करने वाले यात्री को इन मेमू ट्रेनों के परिचालन का सही लाभ मिल सके और ट्रेन को अनावश्यक होने वाली लेटलतीफी से रोका जा सके और बेहतर परिचालन व्यवस्था बन सके और सुविधा यात्रियों को मिल सके।

## युवती को घर में कैद कर की छेड़छाड़ मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 03 के एक 30 वर्षीय युवक के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामला कथित तौर मानसिक रुप से कमजोर युवती को घर में कैद कर बुरी नियत से छेड़छाड़ करने से जुड़ा हुआ है। पूरी घटना रविवार की है आरोपी युवक शुभम पिता विशेष मेश्राम को पुलिस ने सोमवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया और अग्रिम पूछताछ के लिए एक दिन की न्यायिक रिमांड ली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी युवक ने वार्ड क्रमांक 02 की एक युवती को अपने घर में बुलाकर कमरे में कैद किया और फिर बुरी नियत से छेड़छाड़ की इस दौरान जब युवती ने शोर मचाया तो आरोपी ने युवती को छोड़ दिया। युवती की मां यानी प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को रविवार की सुबह करीब 09 बजे शुभम ने अपने घर बुलाया और फिर उसे कमरे में कैद कर लिया। उन्होंने बताया कि जब बेटी घर पर नहीं थी तो परिवार उसकी तलाश में निकला दोनों ही वार्ड की तलाश की गई इस दौरान वह आरोपी के घर भी गए जिससे युवती के बारे में पूछताछ भी की गई लेकिन आरोपी ने युवती के बारे में कुछ नहीं बताया करीब 01 बजे जब आरोपी ने युवती को छोड़ दिया और युवती उसके घर से निकली तो यह देख लोगों का गुस्सा भड़क गया और लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई की और पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि युवती मानसिक रुप से कमजोर है इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 127 (2), 74 की कार्रवाई की है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर बैहर, जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

**क्रं./536/अति.कले./वि.अधि./2025**
**बैहर, दिनांक 12/12/2025**

**::आम-सूचना::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदकगण अमित गोदरे पिता आनंद गोदरे उम्र 28 वर्ष जाति मेहतर निवासी वार्ड नं.06 उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट एवं कामेश्वरी यादव पिता रामप्रसाद यादव उम्र 19 वर्ष जाति अहीर निवासी गुदमा पोस्ट उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के अंतर्गत द्वितीय अनुसूची में उल्लेखित प्रारूप में आशयित विवाह की सूचना/आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजो सहित प्रस्तुत किया गया हैं। उक्त आशयित विवाह की सूचना की एक प्रति इस इश्तेहार के साथ संलग्न प्रेषित हैं। उक्त प्रकरण की नियत सुनवाई दिनांक 08/01/2026 नियत हैं। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/जनसाधारण को आवेदकगणों के विवाह में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हैं तो वह अपनी आपत्ति स्वयं व अपने अभिभावक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष नियत सुनवाई दिनांक 08/01/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। नियम अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बैहर, जिला बालाघाट(म.प्र.)**